## यूपीडीआईसी के लिए समझौता ज्ञापन

रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे (यूपीडीआईसी) के तहत तीन परीक्षण सुविधाएं स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**मुख्य बिंदु-**

- इस समझौते के तहत, लखनऊ में यांत्रिक एवं सामग्री (एमएंडएम) क्षेत्र में एक केंद्र तथा कानपुर में दो केंद्र स्थापित किये जाएंगे। इनमें मानवरहित हवाई प्रणाली (यूएएस) और संचार क्षेत्र में एक-एक सुविधा केंद्र शामिल है।
- रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (डीटीआईएस) के अंतर्गत नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

**रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना के बारे में**

- रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मई, 2020 में 400 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना का शुभारंभ किया था।

**उद्देश्य:**

- इसका उद्देश्य निजी उद्योग और केंद्र/राज्य सरकार के सहयोग से अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाएं शुरू करना, स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना, आयात को कम करना तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है।
- रक्षा औद्योगिक गलियारों के अंतर्गत रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के लक्ष्य के साथ सात परीक्षण सुविधाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से **चार तमिलनाडु में और तीन उत्तर प्रदेश** के लिए हैं।

**संरचना:**

- रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना में 75% तक सरकारी वित्त पोषण 'अनुदान सहायता' के रूप में प्रदान किया जाता है, शेष 25% हिस्सा विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) द्वारा वित्त पोषित किया जाता है, जिसमें भारतीय निजी संस्थाएं और राज्य/केंद्र सरकारें शामिल होती हैं।

## समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स)

भारतीय नौसेना जहाज तबर ने रूसी नौसेना जहाज सूब्राजिटेलनी के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) आयोजित किया।

**मुख्य बिंदु:**

- भारतीय नौसेना का अग्रणी युद्धपोत, **आईएनएस तबर** 328वें रूसी नौसेना दिवस परेड समारोह में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर 25 जुलाई, 2024 को सेंट पीटर्सबर्ग, रूस पहुंचा।
- आईएनएस तबर की यात्रा का उद्देश्य इस दीर्घकालिक मित्रता को मजबूत करना और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशना है।
- एमपीएक्स में संचार अभ्यास, खोज और बचाव रणनीति और समुद्र में पुनःपूर्ति सहित कई जटिल नौसैनिक युद्धाभ्यास शामिल थे। दोनों नौसेनाओं के जहाजों ने उच्च स्तर की व्यावसायिकता और अंतर-संचालन क्षमता का प्रदर्शन किया।

## भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक देश

- वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-जून) में प्राथमिक **एल्युमीनियम उत्पादन** में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में **1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज** की गई। यह वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-जून) में 10.28 लाख टन (एलटी) थी, जो वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-जून) में बढ़कर 10.43 लाख टन हो गया।

### मुख्य बिंदु -

- वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड उत्पादन स्तर पर पहुंचने के बाद, देश में लौह अयस्क और चूना पत्थर जैसे प्रमुख खनिजों के उत्पादन में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि जारी रही है।
- मूल्य के आधार पर कुल एमसीडीआर **खनिज उत्पादन में लौह अयस्क और चूना पत्थर का योगदान लगभग 80 प्रतिशत** है।
- वित्त वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क का उत्पादन 275 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) और चूना पत्थर का उत्पादन 450 एमएमटी था।
- **इसके साथ भारत विश्व में तीसरा सबसे बड़ा चूना उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।**

## चर्चित व्यक्तित्व - खेल

| | | |
|---|---|---|
| **काबिलन साई अशोक** | ❖ भारतीय सेना के एक प्रतिष्ठित अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल काबिलन साई अशोक ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मुक्केबाजी में भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक रेफरी बनकर इतिहास रचा है।<br>❖ 32 वर्षीय साई अशोक 1904 के बाद से ओलंपिक खेलों में अंपायरिंग करने वाले केवल चौथे भारतीय हैं। |  |
| **स्वप्निल कुसाले** | ❖ **निशानेबाज** स्वप्निल कुसाले ने चेटेउरौक्स के नेशनल शूटिंग सेंटर में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन फाइनल में तीसरा स्थान हासिल कर पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत के लिए तीसरा पदक हासिल किया।<br>❖ स्वप्निल पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बन गए हैं। |  |
| **लक्ष्य सेन** | ❖ लक्ष्य सेन ने ओलंपिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बनकर इतिहास रच दिया।<br>❖ सेन ने 75 मिनट के तीन गेम के मैच में चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को हराया। |  |

## चर्चित व्यक्तित्व - नियुक्तियां

| | | |
|---|---|---|
| **लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर** | ❖ इन्हें महानिदेशक, चिकित्सा सेवा (सेना) के पद पर नियुक्त किया गया है, और इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला बनीं।<br>❖ इससे पहले, वह एयर मार्शल के पद पर पदोन्नति पर महानिदेशक, अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) का पद संभालने वाली पहली महिला थीं। |  |

| | | |
|---|---|---|
| **कैप्टन शुभांशु शुक्ला** | ❖ कैप्टन शुक्ला को इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन के लिए चुना गया है।<br>❖ अगर कैप्टन शुक्ला इस मिशन के तहत अंतरिक्ष जाते हैं तो पिछले 40 साल में वो ऐसा करने वाले भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री होंगे, इससे पहले राकेश शर्मा 1984 में सोवियत मिशन के साथ अंतरिक्ष में गए थे। |  |

## रिपोर्ट / इंडेक्स

| | |
|---|---|
| **यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (TTDI)** | ❖ विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा प्रकाशित यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (TTDI) 2024 रिपोर्ट के अनुसार, भारत 119 देशों में **39वें स्थान** पर है।<br>❖ 2021 में प्रकाशित पिछले सूचकांक में, भारत 54वें स्थान पर था। हालाँकि, WEF की कार्यप्रणाली में संशोधन के कारण, भारत की 2021 की रैंक को 38वें स्थान पर समायोजित किया गया।<br>**टीटीडीआई रिपोर्ट के अनुसार**<br>❖ टीटीडीआई के उल्लिखित स्तंभों में से, तीन क्षेत्रों में भारत के स्कोर में सुधार हुआ है: **यात्रा और पर्यटन की प्राथमिकता, सुरक्षा और सुरक्षा, तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता।**<br>❖ मई 2024 के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ बैरोमीटर के अनुसार, 2022 में दुनिया भर में 975 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन थे, जिसमें भारत ने **14.3 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन** दर्ज किया, जो अंतर्राष्ट्रीय इनबाउंड पर्यटन बाजार हिस्सेदारी का 1.47% था। |

## विविध

- ❖ प्रधानमंत्री मोदी ने 3 अगस्त को नई दिल्ली में कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन किया।
- ❖ खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने मूल्य निगरानी प्रणाली (पीएमएस) मोबाइल ऐप के संस्करण 4.0 की शुरुआत की।
  - ➢ उपभोक्ता मामले विभाग ने 1 अगस्त, 2024 से मूल्य निगरानी के अंतर्गत 16 अतिरिक्त वस्तुओं को शामिल किया है। दैनिक मूल्यों की निगरानी के अंतर्गत पहले से ही 22 वस्तुओं शामिल हैं। अब कुल **38 वस्तुओं के मूल्यों की निगरानी** की जाएगी।
  - ➢ नई जोड़ी गई 16 वस्तुओं में बाजरा, ज्वार, रागी, सूजी (गेहूं), मैदा (गेहूं), बेसन, घी, मक्खन, बैंगन, अंडा, काली मिर्च, धनिया, जीरा, लाल मिर्च, हल्दी पाउडर और केला शामिल हैं।

❍❍❍❍